पेज थ्री देहरादून

देहरादून, बुधवार 25 दिसंबर, 2019 पेज 8

क्रिसमस डे के उपलक्ष में नृत्य करती बच्चियां।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ईसा मसीह का जीवन व त्याग समाज के लिए प्रेरणा स्रोत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने क्रिसमस पर्व के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। क्रिसमस पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि ईसा मसीह का जीवन व त्याग, समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। उनके द्वारा दिखाए गए प्रेम व त्याग के मार्ग को अपना कर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में सभी पर्वो को मिलजुल कर मनाने की श्रेष्ठ परम्परा रही है।

### बैडमिंटन में पहले दिन दून के खिलाड़ियों का दबदबा

**संवाददाता** देहरादून। एचसी विरमानी मेमोरियल राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन देहरादून के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन डीजी लॉ एंड ऑर्डर अशोक कुमार, आईजी संजय गुंज्याल और उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन की अध्यक्ष अलकनंदा अशोक ने किया। बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा हॉल में मंगलवार को अंडर–13, अंडर–15 और अंडर–17 आयु वर्ग की प्रतियोगिता शुरू हुई।

### छात्रों और कर्मचारियों को समझाया सीएए और एनआरसी

**संवाददाता** देहरादून। रास बिहारी बोस सुभारती विवि में नागरिकता संशोधन कानून और नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन (एनआरसी) विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने छात्रों और कर्मचारियों को कानून समझाने के साथ कहा कि कानून को गहराई से समझने की जरूरत है। मंगलवार को आयोजित संगोष्ठी में डॉ. जगत नारायण सुभारती चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि भारत सरकार ने संविधान के अनुरूप ही कानून बनाया है।

# सीएम ने सीमांतवासियों को बड़ी सौगात दी

**लोकार्पण**

■जोशीमठ–मलारी टू–लेन राज्यमार्ग और पुनार पुल का लोकार्पण

■जोशीमठ नगर पालिका में पार्किंग, रविग्राम में स्टैडियम एवं लांसी–द्वींग–तपोण मोटर मार्ग निर्माण की घोषणा भी की

देहरादून/चमोली। **संवाददाता**

जोशीमठ–मलारी टू–लेन राज्यमार्ग और पुनार पुल का लोकार्पण कर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सीमांतवासियों को बड़ी सौगात दी है। इस मोटर मार्ग से जहॉं भारत–तिब्बत सीमा पर आवगमन आसान होगा वही सीमांत क्षेत्र के दर्जनों गांवों को इस सड़क से लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सेना के गढवाल स्काउट बैंड ने मधुर धुन बजाकर तथा स्थानीय महिलाओं ने पौणा नृत्य से मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को जोशीमठ के सीमांत क्षेत्र में सीमा सड़क संगठन द्वारा 265 करोड़ की लागत से निर्मित 62.66 किमी. जोशीमठ–मलारी टू–लेन राज्यमार्ग और 494.30 लाख लागत से निर्मित पुनार पुल का लोकापर्ण किया। उन्होंने सीमा सडक संगठन द्वारा निर्धारित समय से पहले मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करने पर बधाई दी और बीआरओ के कार्यशैली की जमकर सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आचार्य डा0 प्रदीप सेमवाल द्वारा ज्योतिष एवं आपदा पर लिखी पुस्तक का विमोचन भी किया। वहीं जनपद फिस आउटलेट वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान बद्रीनाथ विधायक महेन्द्र भट्ट, बीकेटीसी अध्यक्ष मोहन प्रसाद थपलियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर बिष्ट आदि मौजूद रहे।



जोशीमठ–मलारी टू–लेन राज्यमार्ग और पुनार पुल का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री।

लोकार्पण कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण ही दूरस्थ क्षेत्रों के विकास की परिकल्पना से हुआ है, और सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए उनकी सरकार हमेशा तत्पर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 27 विकासखण्डों की सीमाएं अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से जुडी है और इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए अगले साल से राज्य में सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना शुरू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में फिल्म निर्माण की भरपूर सम्भावनाएं है और राज्य में इसको प्रमोट किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आज राज्य में 200 से अधिक फिल्में निर्मित हो रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राज्य में फिल्म प्रशिक्षण संस्थान भी शुरू किया जाएगा, ताकि यहॉं के लोगों को इसका भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने सीमांत क्षेत्र के विकास के लिए लोगों को भी अपने सुझाव देने को कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोशीमठ नगर पालिका में पार्किंग निर्माण, रविग्राम में स्टैडियम निर्माण, लांसी–द्वींग–तपोण मोटर मार्ग निर्माण की घोषणा भी की।

### भारत की आजादी में 'पेशावर कांड' मील का पत्थरः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' का उनकी जंयती पर भावपूर्ण स्मरण किया है। उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि उत्तराखण्ड की धरोहर वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली ने देश की आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की आजादी में 'पेशावर कांड' मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने भविष्य के लिए एक क्रांतिकारी आधारशिला रखी। उन्होंने निहत्थी जनता पर गोली न चला कर दुनिया को अपनी बहादुरी व देशभक्ति का संदेश दिया था। मुख्यमंत्री श्री त्रिवन्द्र ने कहा कि भारत की आजादी में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली तथा उनके साथियों ने अद्वितीय योगदान दिया। पेशावर कांड के बाद महात्मा गांधी ने ''गढ़वाली'' नाम देकर सम्मानित किया। वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' के बताये मार्ग का अनुकरण करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी विश्व के महानतम राजनेताओं में से थे, जिनके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि था। वे अपनी दूरगामी सोच के लिए भी जाने जाते थे। उनके प्रधानमंत्री काल में कारगिल विजय और पोखरण परीक्षण ने भारत को विश्व में विशेष पहचान दिलायी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी वक्ता के रूप में अद्वितीय थे। उनमें सभी को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता थी। उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दून की सड़कों पर मांगी भीख

**आरोप**

■ प्रदेश सरकार पर कार्यकर्ताओं को उपेक्षित करने का आरोप भी लगाया

देहरादून। **संवाददाता**

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए मंगलवार को दून की सड़कों पर लोगों से भीख मांगी। साथ ही अपनी समस्या बताते हुए प्रदेश सरकार पर कार्यकर्ताओं को उपेक्षित करने का आरोप भी लगाया। कार्यकर्ताओं ने शहर के कई हिस्सों में भीख मांगी। सबसे पहले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता धरना स्थल पर जुटी। यहां प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद भाजपा महानगर कार्यालय से भीख मांगने का कार्यक्रम शुरू किया। बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लैंसडाउन चौक, तिब्बती मार्केट, सर्वे चौक, घंटाघर, पलटन बाजार होते हुए कई स्थानों पर लोगों से भीख मांगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परेड ग्राउंड धरना स्थल पर अपना आंदोलन चला रही हैं। लेकिन उनके पास अब खाने–पीने सहित आवश्यक चीजों को पूरा करने के लिए धनराशि नहीं बची है। लिहाजा उन्होंने भीख मांगने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि से जो धनराशि एकत्रित होगी वह महिलाओं के खर्चा–पानी में काम आएगी। इससे पहले परेड ग्राउंड धरना स्थल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही रोष प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के प्रति गंभीर नहीं है। लेकिन जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती वह धरना स्थल से हटने वाली नहीं हैं।


दून की सड़कों पर भीख मांगती आंगनबाड़ी कार्यकर्ती।




### बडोनी के जन्मदिवस पर दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। पहाड़ के गांधी इंद्रमणी बडोनी की 95वें जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मंगलवार को भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के साथ ही स्थानीय कलाकारों व शहर के गणमान्य लोग रियाल्टों चौक पर एकत्रित हुए व पहाड़ के गांधी इंद्रमणी बडोनी के 95वें जन्मदिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं इस मौके पर इप्टा के कलाकारों द्वारा जन गीत गाकर बडोनी को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर इप्टा के प्रांतीय महामंत्री सतीश कुमार व प्रदीप भण्डारी ने कहा कि आज पहाड़ के गांधी इंद्रमणी बडोनी का जन्म दिन है, लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि उतराखंड सरकार ने बडोनी के जन्म दिन को उतराखंड संस्कृति दिवस घोषित कर रखा है, यह सरकारी कार्यक्रम है लेकिन बावजूद इसके सरकार का एक भी नुमाईंदा यहां पर नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि सरकार की शहीदों के प्रति कोई श्रद्धा नहीं है साथ ही सरकार जन अपेक्षाओं के खिलाफ कार्य कर रही है।

### मनाया क्रिसमस डे

देहरादून। डीआर स्कूल सोसायटी में धूमधाम से क्रिसमस डे मनाया गया। साथ ही मालवीय जयंती व तुलसी पूजन दिवस भी मनाया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।